# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2021-22 सत्र-एक

## विषय:हिन्दी

कक्षा : आठवीं (Session : 2021-22)

समय: 3 घंटे | पूर्णांक : 100

**विशेष:** * प्रश्न पत्र चार खण्डो-क, ख, ग, तथा घ में विभक्त हैं।

* खण्ड 'क' अपठित गद्यांश पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्न।
* खण्ड 'ख' पाठ्य पुस्तकों पर आधारित वस्तुनिष्ठ व विषय वस्तुपरक प्रश्न।
* खण्ड 'ग' व्याकरण पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
* खण्ड 'घ' पत्रलेखन व निबन्ध लेखन।

**निर्देश:-** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने दिए गए हैं।

- प्रश्न के सभी उपभागों के उत्तर एक साथ दें।
- सुलेख का विशेष ध्यान रखें।
- व्याकरण भाग व पाठ्यपुस्तकों पर आधारित वस्तु निष्ठ प्रश्नों के उत्तर काट कर लिखना वर्जित है।

1. निम्न लिखित अपठित गद्याँश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखें:- $6\times1=6$

मनुष्य की आदतें बचपन में ही बनाई जाती हैं, पौधे को जैसी खाद और मिट्टी शुरू में दी जाती है, वह उसी का आदी हो जाता है। देश का भला इसी में है कि लोगों को बचपन से ही मेहनती बनाया जाए और उन्हें कम खर्ची और कुर्बानी के सबक सिखाए जाएँ। उन्हें वीरता के किस्से सुनाए जाएँ। जिससे छोटी उम्र में उनके कोमल हृदय में वीरता के पौधे उगने लगें। कुछ लोगों का मत है कि बच्चों को पूर्ण स्वतन्त्रता देनी चाहिए। किन्तु हम ऐसी स्वतन्त्रता के पक्ष में नहीं हैं,



Downloaded from cclchapter.com

जिससे बच्चे पथ-भ्रष्ट हो जाएँ। आज के बालक ही कल के नागरिक होते हैं। उन्हीं पर देश का भविष्य निर्भर करता है। अतः उन्हें आरंभ से ही सीधी राह पर चलाना चाहिए। अन्यथा बात बिगड़ जाने पर पश्चाताप के आँसू ही हाथ लगेंगे।

1. इस अवतरण के लिए उचित शीर्षक निम्न विकल्पों में से चुन कर लिखें।
   (i) कुर्बानी (ii) पश्चाताप
   (iii) आज के बच्चे कल के नागरिक (iv) पूर्ण स्वतन्त्रता
2. आज के बालक कल के क्या होते हैं?
   (i) बच्चे (ii) नागरिक
   (iii) विद्यार्थी (iv) कोई नहीं
3. देश का भला किस बात में है?
   (i) लोगों को मेहनती बनाया जाए।
   (ii) लोगों को कुर्बानी का सबक सिखाया जाए।
   (iii) लोगों को वीरता के किस्से सुनाए जाएँ।
   (iv) उपरोक्त सभी।
4. देश का भविष्य किन पर निर्भर करता है?
   (i) मनुष्यों पर (ii) आज के बालकों पर
   (iii) नागरिकों पर (iv) लोगों की मेहनत पर
5. 'स्वतन्त्रता' शब्द का सही विलोम छाँट कर लिखें:-
   (i) गुलामी (ii) दासता
   (iii) परतन्त्रता (iv) अधीनता
6. 'पथ-भ्रष्ट' शब्द में कौन सा समास है?
   (i) द्विगु समास (ii) तत्पुरूष समास
   (iii) द्वन्द्व समास (iv) इनमें से कोई नहीं



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड- ख पाठ्य पुस्तकों पर आधारित

## पाठ् पुस्तक वसन्त (i) काव्य खण्ड

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें। 4×1=4

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहती बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहैं,नागिनी सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि,देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि हलधर की जोटी।

1. 'मैया,कबहिं बढ़ैगी चोटी? पंक्ति में चोटी का क्या अर्थ है?'
   (i) सिर (ii) माथा
   (iii) बाल (iv) हाथ
2. सूर चिर जीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी पंक्ति में हलधर है-
   (i) कृष्ण (ii) बलराम
   (iii) राम (iv) नन्द
3. सूरदास के पद की भाषा कौन सी है?
   (i) अवधी (ii) मैथिली
   (iii) ब्रज (iv) इनमें से कोई नहीं
4. 'हरि-हलधर' क्रमशः निम्न में से किस अर्थ के लिए प्रयुक्त है?
   (i) राम-बलराम (ii) कृष्ण-बलराम
   (iii) बलराम-कृष्ण (iv) राम-कृष्ण

3. निम्न लिखित में से किसी एक काव्याँश की प्रसंग सहित व्याख्या लिखें:- 3+5=8
(प्रसंग+व्याख्या)

हम दीवानों की क्या हस्ती,



Downloaded from cclchapter.com

हैं आज यहाँ कल वहां चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।

**अथवा**

सीस पगा न झँगा तन में, प्रभु।
जाने को आहि बसे के हि ग्रामा।
धोती फटी-सी लटी दुपटी,
अरु पाँय उपानह को नहि सामा।।
द्वार खड़ो दविज दुर्बल एक,
रहयो चकिसो वसुधा अभिरामा।
पूछत दीन दयाल को धाम,
बतावत आपनो नाम सुदामा।

4. किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दें:- 12

1. वसन्त को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?
2. कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?
3. कबीर घास की निन्दा करने से क्यों मना करते है? पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई अपने शब्दों में लिखिए।
5. बालक श्री कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?
6. दूध की तुलना में श्री कृष्ण कौन से खाद्य पदार्थ को अधिक पसन्द करते हैं?
7. अपने गाँव लौट कर सुदामा वहाँ क्या देखते हैं?



Downloaded from cclchapter.com

8. कहि रहीम संपति सगे,बनत बहुत बहु रीति। विपति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत।।

9. इस दोहे में रहीम ने सच्चे मित्र की क्या पहचान बताई है?

10. कविता 'सुदामा चरित' की समानता के आधार पर लिखिए।

### पाठ्य पुस्तक वसन्तः (ii) गद्य खण्ड

5. निम्नलिखित गद्याँश को पढ़ कर पूछे गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें:-(4x1 = 4)

जी, जनाब। सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हार कर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिला कर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा।

1. यह गद्यांश 'अकबरी लोटा' पाठ से है-इस पाठ के लेखक का नाम निम्न में से है:-

(i) इस्मत चुगताई (ii) पी. साइनाथ
(iii) अन्नपूर्णानंद वर्मा (iv) राम चंद्र तिवारी

2. बादशाह हुमायूँ किससे हार कर भागा था?

(i) अकबर (ii) शाहजहाँ
(iii) शेरशाह (iv) उपरोक्त सभी

3. किस शताब्दी में बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हार कर भागा था?

(i) पाँचवी शताब्दी (ii) आठवीं शताब्दी
(iii) सोलहवीं शताब्दी (iv) दसवीं शताब्दी



Downloaded from cclchapter.com

4. 'मारा-मारा फिरना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से है:-

(i) मृत्यु का पास होना (ii) बुरी दशा में इधर-उधर फिरना

(iii) घबरा जाना (iv) हार मानना

6. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें:- 4×3=12

1. बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई? कहानी 'कामचोर' के आधार पर लिखिए।
2. ओस की बूंद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी?
3. घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?
5. पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए? चिट्ठियों की अनोखी दुनिया पाठ के आधार पर लिखिए।
6. काम चोर कहानी क्या सन्देश दती है?
7. 'नशा एक धीमा जहर है।' कथन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

## पूरक पाठ्य पुस्तक : भारत की खोज

7. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें:- 4×3=12

1. महमूद गजनवी कौन था? उसने भारत में आकर क्या किया?
2. गाँधी जी कैसे भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहते थे?
3. अंग्रेज़ी सरकार शिक्षा के प्रसार को नापसंद करती थी। क्यों?
4. लेखक के अनुसार भारत माता का स्वरूप कैसा है?
5. 'भारत छोड़ो' आन्दोलन प्रस्ताव के पास होने का क्या प्रभाव हुआ?
6. अहमद नगर के किले में लेखक की दिनचर्या क्या थी?

## खण्ड-ग: व्याकरण

8. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर चुन कर लिखें। 16×1=16

1. हिन्दी वर्णमाला में वर्णो की संख्या कितनी है?

(i) 52 (ii) 44 (iii) 33 (iv) 11



Downloaded from cclchapter.com

2. निम्न में से कौन सा शब्द सर्वनाम नहीं हैं?

(i) मैं (ii) तू (iii) वह (iv) लता

3. सर्वनाम के कितने भेंद हैं-

(i) चार (ii) पाँच (iii) छः (iv) तीन

4. निम्न में से 'सूर्य' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-

(i) रवि (ii) भानु (iii) इंदु (iv) भास्कर

5. दैनिक शब्द में प्रत्यय छाँटिए-

(i) दिन+अक (ii) दिन+उक (iii) दिन+इक (iv) दिन+ईय

6. स्त्रोत के आधार पर शब्द के भेद हैं:-

(i) छः (ii) चार (iii) तीन (iv) दो

7. 'प' का उच्चारण स्थान लिखें-

(i) तालु (ii) मूर्धा (iii) ओष्ठ (iv) दन्त

8. निम्न में से तत्सम शब्द छाँटिए-

(i) मृग (ii) पक्षी (iii) चाकू (iv) पेड़

9. 'स' उपसर्ग से सही शब्द छाँटिए-

(i) स्वाग् (ii) सवाक् (iii) सुवाक (iv) इनमें से कोई नहीं

10. 'यद्यपि' शब्द का सन्धि विच्छेद कीजिए-

(i) यद्य+अपि (ii) यदि+अपि (iii) यदा+अपि (iv) यत+अपि

11. निम्न में से वर्तनी अनुसार शुद्ध शब्द का चयन करें:-

(i) समून्द्र (ii) बिमार (iii) प्रदूषण (iv) धन्यावाद

12. अंग्रेजी भाषा की लिपि निम्न में से है-

(i) गुरमुखी (ii) देवनागरी (iii) रोमन (iv) फारसी



Downloaded from cclchapter.com

13. सही विराम चिह्न वाला वाक्य छाँटे-

(i) शिमला सोलन और किन्नौर हिमाचल के ज़िले हैं।

(ii) क्या रीता अपने माता-पिता के साथ घूमने जा रही है।

(iii) भोजन के बिना जीवित रहना संभव नहीं है?

(iv) अध्यापक ने कहा, राकेश कल तुम विद्यालय क्यों नहीं आए?

14. संज्ञा और सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने वाले पद को क्या कहते है-निम्न में से चुन कर लिखें।

(i) विशेष्य (ii) विशेषण (iii) प्रविशेषण (iv) कारक

15. 'शिक्षक ने बच्चों से पाठ पढ़वाया' इस वाक्यमें प्रयुक्त क्रिया का प्रकार लिखें।

(i) अकर्मक क्रिया (ii) सकर्मक क्रिया

(iii) प्रेरणार्थक क्रिया (iv) सहायक क्रिया

16. संयुक्त वाक्य का चयन करें:-

(i) एक लड़का और चपरासी पहुँच गए।

(ii) सीमा, सोहन और सलीम आ गए हैं।

(iii) मोहन स्कूल जाता है और मन लगाकर पढ़ता है।

(iv) हम जातने है कि वे आज नहीं आएँगे, जबकि उनकी अत्यन्त आवश्यकता है।

9. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नो के उत्तर यथानिर्देश दें:- 10×1=10

1. भाषा की लघुत्तम सार्थक इकाई क्या है? (दो में से एक विकल्प चुनें)

(i) शब्द (ii) वाक्य

2. 'सप्ताह' शब्द में समास है- (सही विकल्प लिखें)

(i) अव्ययी भाव (ii) तत्पुरूष समास (iii) द्विगु समास (iv) द्वन्द्वसमास

3. 'जो आँखों के सामने हो' वाक्याँश के लिए सही एक शब्द है-



Downloaded from cclchapter.com

(i) प्रत्यक्ष (ii) परोक्ष

4. खाली स्थान स्वयं भरें-
मूल क्रिया के साथ रंजक क्रिया के जोड़ने से जो क्रिया बनती है, उसे ..........क्रिया कहते हैं।

5. वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द छाँटिए-
सफेद घोड़ा धीरे-धीरे चल रहा था।

6. वाक्य को वर्तमान काल में बदलें-
विमला गीत गाएगी।

7. 'ढोल पीटना' मुहावरे का अर्थ निम्न दो विकल्पों में से चुने।
(i) जोर-जोर से ढोल बजाना (ii) सबसे कहते फिरना

8. शाबाशी देना अर्थ के उपयुक्त मुहावरा चुनें।
(i) पीठ दिखाना (ii) पीठ ठोंकना

9. लाघव चिहन् वाले निम्न संक्षिप्त रूप को विस्तृत रूप में लिखें।
कृ. पृ. उ.

10. मै कलम से चिट्ठी लिख रहा हूँ। इस वाक्य में प्रयुक्त कारक का नाम लिखें।

**खण्ड-घ ( रचनात्मक )**

10. निम्न में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें। 06
अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक जी को स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रार्थना पत्र।

**अथवा**

परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर अपने मित्र/सखी को बधाई पत्र लिखें।

11. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें- 10
दीवाली, पर्यावरण प्रदूषण, हिमाचल प्रदेश, विद्यार्थी जीवन

नोट:- प्रश्न पत्र में हटाए गए प्रकरण समाहित नहीं है।



Downloaded from cclchapter.com